प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक – 25.07.2021

लोगों को पैसा डबल करने का झांसा देकर ठगी करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार–

जनपद के थाना कोतवाली नगर पर वादी विशाल सिंह पुत्र फतेह बहादुर सिंह व रोहित सिंह पुत्र अनिरूद्ध नि0गण ग्राम जेठवारा थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ द्वारा अपने साथ एक व्यक्ति राजेन्द्र सरोज पुत्र पुन्नीलाल सरोज नि0 चमरूपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को थाना स्थानीय पर लाकर सूचना दिया कि उक्त राजेन्द्र सरोज व उसके अन्य साथियों द्वारा हम लोगों से पैसा डबल करने की बात कहकर हम लोंगों के साथ फ्राड करने का प्रयास करते हुए 60 हजार रू0 लेकर उसके बदलें में 100 रू0 की तरह दिखने वाले नकली/फर्जी नोट के बण्डल देने लगे, जिस पर हम लोगों को संदेह होने पर हमारे द्वारा राजेन्द्र सरोज उपरोक्त को मौके से पकड़ लिया गया व इसके अन्य साथी मौके से फरार हो गये। इस सम्बन्ध में जांचोपरान्त प्रथम दृष्टया घटना की पुष्टि होने पर वादी की तहरीर पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 619/21 धारा 420, 406 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आरोपी राजेन्द्र सरोज उपरोक्त को हिरासत में लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–

01 राजेन्द्र सरोज पुत्र पुन्नीलाल सरोज नि0 चमरूपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी–

01. एक टूरिस्ट बैग में रखे 04 बण्डल रंगीन कागज के व 100/– रू0 के 05 असली नोट।
02. 38 गड्डी में 100/– रू0 की तरह दिखने वाले रंगीन कागज के 3800 कूपन।

05 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

- जनपद के थाना पट्टी से उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र के करैला बाजार से मु0अ0सं0 219/21 धारा 308, 323, 336, 352, 427, 452, 504, 506 भादवि से सम्बन्धित 04 वांछित अभियुक्त 01. राम सूरत गौड़ 02. दीप चन्द्र गौड़ पुत्रगण राम अछैबर 03. अनिल गौड़ 04. पुनीत कुमार पुत्रगण दीपचन्द्र गौड़ नि0गण नादी थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

- जनपद के थाना रानीगंज से प्रभारी निरीक्षक श्री पवन कुमार त्रिवेदी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र के प्रेम नगर बाजार से मु0अ0सं0 366/21 धारा 147, 148, 149, 427, 286, 307, 452, 323, 504, 506 भादवि से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त विपिन कुमार यादव उर्फ बब्लू यादव पुत्र राम मिलन यादव नि0 शिवगढ़, बिन्दागंज थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 25.07.2021